हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 डौंडीलोहारा के 80 गांवों में ग्राम तीर्थ-ग्राम प्रव्रज्या



11 रौना में विकास कार्यों की सौगात, विधायक ...



खबर संक्षेप

स्मृति ईरानी के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



गुण्डरदेही। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी स्मृति ईरानी के रविवार को प्रथम छत्तीसगढ आगमन पर भाजपा प्रदेश कार्यालय रायपुर में बालोद भाजयुमो जिला अध्यक्ष गुलशन साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सौरभ जैन, जिला मीडिया प्रभारी अभिन्न यादव, नीतीश राजा सोनकर अध्यक्ष युवा मोर्चा गुण्डरदेही आदि उपस्थित थे।

कार और बाइक टक्कर में माइंस कर्मचारी उपचार के दौरान मौत

डौंडी। डौंडी थाना क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पास कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कच्चे माइंस में कार्यरत कर्मचारी आनंद सिंह (33 वर्ष) की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, आनंद सिंह वार्ड क्रमांक 26 स्थित रेलवे कॉलोनी के निवासी थे और कच्चे माइंस में कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। वे रोज की तरह काम खत्म करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पास सामने से आ रही अर्टिगा कार क्रमांक CG04QC8930 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बाइक सवार आनंद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मदद करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डौंडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हादसे में क्षतिग्रस्त कार और बाइक को जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। आनंद सिंह की मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

चेन स्नेचिंग के मामले में चार गिरफ्तार

भिलाई। चेन स्नेचिंग मामले को लेकर पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर क्षेत्र में जनवरी 2026 में हुई लूटपाट के वारदात में पुलिस ने बापूनगर, झंडा चौक, वार्ड44, थाना खुर्सीपार निवासी सूरज बढ़ाई, वार्ड 1, कांटी चौक, अहिवारा लक्ष्मण साहू, 32 एकड़, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल कुलदीप सिंह, कैवल्य धाम, कुम्हारी दीप सिंह उर्फ दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 19 ग्राम 410 मिलीग्राम गलाया हुआ सोना, एक्टिवा वाहन, बाइक जब्त किया गया है।

तलवार लहराते दो को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। तलवार लहराते कुख्यात आदतन बदमाश और महादेव सट्टा एप्प में शामिल दीपक नेपाली के भाई नीरज कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ शुभम यादव नामक युवक को भी पुलिस ने पकड़ा है। दोनों कैंप-1 क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों युवक के पास से दो स्टील की तलवारें और तीन मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अक्टूबर को वैशाली नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दो युवक धारदार तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं।

चिखली की दो बेटियों का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- संसाधनों की कमी को मात देकर मैदान में दम दिखाने को तैयार दिशा मरकाम और कुसुमलता

बालोद जिले के डौण्डी विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिखली की दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों दिशा मरकाम और कुसुमलता का 26वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के 14 वर्ष आयु वर्ग में चयन हुआ है। प्रतियोगिता 26 से 29 अक्टूबर तक खैरागढ़ में आयोजित होगी, जहां दोनों खिलाड़ी दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव एवं प्रशिक्षक चंद्रशेखर पवार ने बताया कि पूर्व माध्यमिक शाला चिखली में कक्षा सातवीं की छात्रा दिशा मरकाम, पिता टिकेश्वर मरकाम, दूसरी बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

वे कक्षा तीसरी से फुटबॉल का अभ्यास कर रही हैं। वहीं कुसुमलता पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। वे कक्षा पांचवीं से फुटबॉल का नियमित अभ्यास कर रही हैं।

दुर्ग संभाग का करेंगी प्रतिनिधित्व



बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं

दोनों खिलाड़ियों के चयन पर जनपद सदस्य कुलदीप साहू, सहायक जिला खेल अधिकारी स्वप्न जेना, जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे, जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मंडले, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच रम्हऊ राम, विद्यालय की प्राचार्य विनीता सैनी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामाधार साहू, प्रधान पाठक असीम सक्सेना सहित शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

सुध : 10 उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवन है जर्जर, पांच केंद्र अब भी किराये के भवनों में

जिले में 13 उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवनों के लिए 3.70 करोड़ स्वीकृत, बेहतर होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य शासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने सत्र 2026–27 में 13 उपस्वास्थ्य केंद्रों के नवीन भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ 70 लाख 63 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। प्रत्येक भवन का निर्माण 28 लाख 51 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा। वहीं, पूर्व में स्वीकृत 12 उपस्वास्थ्य केंद्रों सहित दो अन्य निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं।

स्वीकृत राशि से खल्लारी, मंगलतराई, मनकी, पिनकापार, हड़गहन, गहिरा नवागांव, देवरी, मगरदाह, अचौद, चिचबोड़, सोहपुर, पुराना बाजार दल्ली राजहरा और तिलोदा में नए भवन बनाए जाएंगे। इसके बावजूद जिले में अब भी पांच उपस्वास्थ्य केंद्र भवनविहीन हैं, जो किराये के भवनों में संचालित हो रहे हैं। वहीं, 10 उपस्वास्थ्य केंद्रों की हालत अत्यंत जर्जर बनी हुई है। जिले में जिला अस्पताल, मातृ–शिशु अस्पताल, सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 196 उपस्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं। इसके बावजूद अब तक 18 स्वास्थ्य केंद्रों के लिए स्वयं के भवन की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जर्जर भवनों और मूलभूत सुविधाओं की कमी से ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।



जिले में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए पर्याप्त शासकीय आवास नहीं होने से भी परेशानी बढ़ रही है। विभाग द्वारा सुरडोंगर, आमाडुला, घोटिया, चिखलाकसा, डौण्डी, बोड़ला, पलारी, पिपरछेड़ी, जामगांव सांकरा, करहीभदर, अरमरीकला, बेलोदी और लाटाबोड़ सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में आवास निर्माण की मांग की जा चुकी है।

इसके बावजूद इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई है। वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के लिए भी अब तक शासकीय भवन का निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों की जर्जर स्थिति, चिकित्सकों के लिए आवास की कमी और आवश्यक सुविधाओं के अभाव के कारण मरीजों को बेहतर उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में स्वीकृत भवनों का निर्माण समय पर पूरा करने के साथ ही अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की समस्याओं का समाधानी जरूरी है।

अवैध शराब परिवहन करते दो गिरफ्तार, 77 पौवा शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





- जब्त शराब की कुल कीमत 6,160 रुपए; एक आरोपी के खिलाफ पहले से भी दर्ज हैं कई मामले

अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने चलाए जा रहे अभियान के तहत दल्लीराजहरा पुलिस ने 24 अक्टूबर को अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 77 पौवा देशी प्लेन शोले शराब, जिसकी मात्रा 13.860 बल्क लीटर और कीमत 6,160 रुपये है, जब्त की।

पुलिस अधीक्षक किरण चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वार्ड क्रमांक 04 स्थित सेन भवन नाला पुल के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। पहली कार्रवाई में वार्ड क्रमांक 04 निवासी गणेश राम साहू (67 वर्ष) के कब्जे से 27 पौवा शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 2,160 रुपये बताई गई है। उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 278/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) में कार्रवाई की गई। वहीं, दूसरी कार्रवाई में अमित भारद्वाज (34 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 04, के कब्जे से 50 पौवा शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 4,000 रुपये है। उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 279/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई प्रकरण दर्ज हैं। दल्लीराजहरा पुलिस ने आम नागरिकों से अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं मादक पदार्थों के कारोबार से दूर रहने और ▶▶| शेष पेज 11 पर

मोंगरी से भाठापारा तक 84.53 लाख से बनेगी पक्की सड़क, ग्रामीणों को मिलेगी राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बारिश में कीचड़ और गड्ढों से मिलेगी मुक्ति, आवागमन होगा आसान

ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने और बारहमासी सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है।

इसी कड़ी में जिले के ग्राम पंचायत मोंगरी में वर्षों से प्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलने के बाद मौके पर तीव्र गति से कार्य कराया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत मोंगरी से भाठापारा तक 1.080 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 84.53 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इस पक्की सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होने जा रहा है। ग्राम पंचायत मोंगरी के सरपंच रोशन लाल सोनवानी ने बताया कि बाजार चैक से हाई स्कूल होते हुए जाने वाला यह मार्ग लंबे समय से अत्यधिक जर्जर और बदहाल था। बारिश के दिनों में रास्ते में दलदल और गड्ढों के कारण चलना बेहद जोखिमभरा हो जाता था। खराब सड़क के कारण स्कूल आते समय विद्यार्थियों और शिक्षक–शिक्षिकाओं को आने–जाने में परेशानी होती थी। इसके अलावा आपातकालीन परिस्थितियों में गर्भवती माताओं एवं गंभीर मरीजों को ले जाना किसी चुनौती से कम नहीं था। ग्रामीणों की लगातार मांग को संज्ञान में लेते हुए शासन द्वारा 84.53 लाख रुपये की लागत से पक्की सड़क की स्वीकृति देकर निर्माण कार्य शुरू कराया गया है, जिससे पूरे ▶▶| शेष पेज 11 पर

माटरी वन परिसर में अवैध निर्माण के विरोध में ग्रामीणों का हंगामा

निर्माणाधीन मकान को किया गया जमींदोज, वाहनों और मुरुम की जब्ती के बाद शांत हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वन भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण के विरोध में ग्राम रायगढ़ के ग्रामीणों ने 24 अक्टूबर को माटरी वन परिसर का घेराव कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने वन कक्ष क्रमांक 194 में कथित रूप से अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप था कि मामले की जानकारी पूर्व में वन विभाग को देने के बावजूद समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती गई।

अल्टीमेटम के बाद ग्रामीणों ने किया घेराव

ग्रामीणों ने पहले ही चेतावनी दिया था फिर भी अवैध कब्जाधारियों को नहीं हटाया गया। निर्धारित समयावधि में मांग पूरी नहीं होने पर 24 अक्टूबर को बड़ी संख्या में ग्रामीण माटरी वन परिसर पहुंच गए और घेराव कर अपना विरोध जताया। ग्रामीणों ने वन भूमि पर हो रहे निर्माण को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की।

वन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपना घेराव समाप्त कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रवेश सोनी के अनुसार, मामले में आगे की कानूनी एवं आवश्यक कार्रवाई के संबंध में 27 अक्टूबर 2026 को जनपद पंचायत सभाकक्ष, डौंडीलोहारा में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्रामीणों, संबंधित व्यक्ति और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच चर्चा होगी। इसमें मामले के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श कर आगे की कार्रवाई और समाधान को लेकर निर्णय लेने की पहल की जाएगी।



अधिकारियों की समझाइश पर समाप्त हुआ प्रदर्शन

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम डौंडीलोहारा के निर्देश पर तहसीलदार एच.ए. नायक, वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रवेश सोनी, पुलिस बल और वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए बताया कि उनके आवेदन के आधार पर विभाग पहले ही कार्रवाई कर चुका है। मौके पर निर्माणाधीन अवैध मकान को जमींदोज कर दिया गया था। इसके साथ ही वहां खड़े वाहनों और अवैध रूप से रखे गए मुरुम को भी जब्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की जांच और विवेचना की प्रक्रिया जारी है।

मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग

वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



- मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला जलाया

वोट चोरी के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर का जोरदार प्रदर्शन पर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर पुतला दहन किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के नेतृत्व में कथित वोट चोरी के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की, इसके बाद पुतला दहन कर विरोध प्रगट किया। कांग्रेस कार्यालय से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, कार्यक्रम प्रभारी लेखराम साहू, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सहित अन्य कार्यकर्ता बाइक रैली के माध्यम से धनेली चौक से अंबेडकर चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंच कर जमकर नारेबाजी कर लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जनता के मताधिकार की सुरक्षा पर निर्भर करती है, प्रत्येक मतदाता के वोट का सम्मान होना चाहिए और चुनाव प्रकिया को उठने वाले सवालों का पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, ब्लॉक उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, धनुष साहू, महामंत्री खिलेश्वर केहरी, एस कुमार कालीहारी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, जिला महामंत्री जितेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि एवं सरपंच टोमन साहू, वरिष्ठ नेता चोवा राम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष यानेश साहू, ब्लॉक सचिव तुलेश सिन्हा, जमील खान, कुलदीप साहू, खिलावन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष गिरधारी देवांगन, हेमप्रकाश साहू, जिला सचिव राकेश सोनबेर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष टेकलाल साहू, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोनू ठाकुर, नगर अध्यक्ष प्रवीण सोनबेर, पार्षद प्रवीण सोनबेर, लाल खान, मोहम्मद खान, दिनाराम चेलक, सोशल मीडिया प्रभारी उमेश साहू, युवा नेता रूप साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, वर्षा संजय साहू, नगर अध्यक्ष टिकेश्वर गोलू साहू, पूर्व पार्षद गजेन्द्र मंडावी, सेक्टर अध्यक्ष, उमर अली, गुलेंद्र कतलाम, देवेंद्र शांडिल्य, रमेश सिन्हा, सोमनाथ साहू, युवा नेता हिमांशु लावत्रे, हर्षू साहू, हिमांशु कुम्भज, एनएसयू आई अध्यक्ष अभिषेक साहू, आर्यन सेन, महेंद्र कुमार, गुलाब, नोमेश दुग्गा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विकास कार्यों की सौगात, विधायक कुंवर सिंह ने किया लोकार्पण-भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ग्राम देवरी (ख) में विभिन्न विकास कार्योंका लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया तथा पेवर ब्लॉक टाइल्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को विकास कार्योंकी सौगात दी।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के गांवों में शिक्षा, मूलभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचना स के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रें का सवांर्गीण विकास हमारी प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि आप सभी का स्नेह और विश्वास मुझे जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने की ऊर्जा देता है। आने वाले समय में भी जनभावनाओं और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, सरपंच कुसुम देशमुख, मुन्नीलाल निषाद, छन्नू लाल देशमुख, हनुमान सिंह गायकवाड, शैलेंद्र साहू, ललित साहू, प्रमोद देशमुख सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मतदाता का नाम सूची में हो, चुनाव प्रक्रिया रहे पारदर्शी, विशेषज्ञों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मतदाता सूची की शुद्धता, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के उद्देश्य से लोक जागरण मंच द्वारा साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत संपन्न हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य एसआईआर के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करना, इसकी प्रक्रिया एवं उद्देश्य की जानकारी देना तथा इसे लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को तथ्यों के माध्यम से दूर करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बलदाऊ राम साहू, सहवक्ता शताब्दी पांडेय एवं शशांक शर्मा ने एसआईआर के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, सरिता मिश्रा, संतोष सोनी एवं कांतिलाल जैन मंचासीन रहे। संगोष्ठी में प्रबुद्धजन, चिकित्सक, प्रोफेसर, अधिवक्ता, शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नागरिकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने मतदाता सूची के सत्यापन, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रश्नोत्तरी एवं संवाद के माध्यम से उपस्थित नागरिकों की जिज्ञासाओं पर चर्चा की गई।

एसआईआर के समर्थन में लोक जागरण मंच ने साइंस कॉलेज में आयोजित की नागरिक संगोष्ठी

एसआईआर लोकतंत्र की महत्वपूर्ण प्रक्रिया

मुख्य वक्ता बलदाऊ राम साहू ने कहा कि एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना बेहद जरूरी है। लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाना और एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करना है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में रहे और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहे। शताब्दी पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का मत है और उस मत की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सही मतदाता सूची आवश्यक है। एसआईआर को लेकर आम जनमानस के बीच तथ्यों को स्पष्ट करना और लोगों को इसकी प्रक्रिया की जानकारी देना समय की जरूरत है। लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों तक सही जानकारी पहुंचाने, भ्रम की स्थिति दूर करने और प्रत्येक पात्र मतदाता को उसके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।





राजनीतिक भ्रम के बजाए तथ्यों के आधार पर हो संवाद

सहवक्ता शशांक शर्मा ने कहा कि एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया पर राजनीतिक भ्रम फैलाने के बजाय तथ्यों के आधार पर संवाद होना चाहिए। मतदाता सूची का सत्यापन चुनावी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने में सहायक हो सकता है। लोक जागरण मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता को एसआईआर के उद्देश्य एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार कार्य होना चाहिए। अलका बाघमार, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने भी विचार रखे। संचालन सरिता मिश्रा और आभार शैलेंद्र शेंडे ने व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

आचार्य नानालाल और रामलाल के पदारोहण दिवस पर 28 को सामूहिक आयंबिल





दुर्ग। आचार्य प्रवर 1008 नानालाल जी म.सा. की 27वीं पुण्य स्मृति एवं जैनाचार्य 1008 रामलाल म.सा. के आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर 28 अक्टूबर, बुधवार को सामूहिक आयंबिल का आयोजन किया जाएगा। साधुमार्गी जैन संघ, दुर्ग एवं ओसवाल पंचायत, दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में जैन संत मनीष मुनि म.सा., पूज्य प्रणत मुनि एवं साध्वी हेमप्रभा का सानिध्य प्राप्त होगा। आचार्य प्रवर नानालाल म.सा. समता विभूति, धर्मपाल प्रतिबोधक एवं चारित्र चूड़ामणि के रूप में श्रद्धालुओं के हृदय में विशेष स्थान रखते हैं। उन्होंने व्यसन मुक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देकर जन-जन के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी पुण्य स्मृति में आयोजित यह आयोजन श्रद्धा, संयम, तपस्या और आध्यात्मिक साधना को समर्पित रहेगा। आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष 28 अक्टूबर को आयंबिल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के श्रावक-श्राविकाओं को आयंबिल तप करने का संकल्प लेने और संयम-साधना के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

टीमों को 25-25 हजार की प्रोत्साहन राशि, बानबरद स्कूल का होगा उन्नयन, बनेगी बीटी सड़क

गनियारी होगा कला ग्राम के रूप में विकसित, हाईस्कूल पहचाना जाएगा पंडवानी गायिका तीजन के नाम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अंतर्राष्ट्रीय कलाकर दिवस पर अहिवारा के बानबरद में शनिवार को आयोजित पंडवानी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चन्द्राकर, रिकेश सेन, ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। विष्णु देव साय ने कहा कि ज्ञानश्रोत कला मंच द्वारा पिछले 46 वर्षों से लगातार काम कर रहा है। 46 साल का सफल बहुत बड़ा होता है। इस संस्था ने अपनी हमारी लोककला और संस्कृति को जीवित रखा है। उन्होंने पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित पंडवानी कलाकार स्वर्गीय तीजन बाई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडवानी एक ऐसी अनूठी विधा है, जिसमें एक ही कलाकार महाभारत कथा के विभिन्न पात्रों की भूमिका को जीवंत रूप में अदा करता है।

डॉ. तीजन बाई की स्मृतियों को चिर स्थायी बनाने और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए हमारी सरकार ने अनेक पहल की है। उनके गृह ग्राम गनियारी को कला ग्राम के रूप में विकसित करने और हाई स्कूल का नामकरण तीजन बाई के नाम पर करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंडवानी को विश्व पटल पर खास पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई के नाम पर लोककला अलंकरण राज्योत्सव के दौरान इसी साल से देने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ी सिनेमा और स्थानीय कलाकारों को व्यापक मंच प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड का गठन किया गया है। इसके तहत नया रायपुर में लगभग 300 से 400 करोड़ रुपये की लागत से फिल्म सिटी विकसित की जा रही है, जिसकी अध्यक्षता सुश्री मोना सेन संभाल रही हैं। इस पहल से छत्तीसगढ़ी फिल्मों और अन्य फिल्म निर्माण गतिविधियों को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पद्मश्री उषा बारले और ज्ञानश्रोत लोककला मंच को इस सफल और भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही आयोजकों की मांग पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मलेन में शामिल 70 टीम जिसमें 04 पंथी एवं 03 आदिवासी नृत्य दल शामिल है, प्रत्येक टीम के लिए 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, मिडिल स्कूल बानबरद को हाई स्कूल में उन्नयन करने और अहिवारा रेलवे क्रासिंग से अटल परिसर तक बीटी रोड निर्माण की घोषणा की।

बानबरद में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय





छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने जिले के कलाकारों का भी योगदान

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति को आगे बढ़ाने में यहां के कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यहां के लोकगीत और लोक नृत्य हमारी पहचान है। पंडवानी, पंथी, भरथरी, ददरिया और सुवा नृत्य हमारे जीवन का हिस्सा है। ये केवल गीत या नृत्य नहीं है। ये हमारी आत्मा है। जो हमारी समृद्ध परम्पराओं और मूल्यों को दर्शाते हैं। उन्होंने प्रतिवर्ष आयोजित इस महासम्मेलन को आगे भी जीवंत रखने कलाकारों का आव्हान किया। सम्मलेन को विधायक रिकेश सेन ने भी सम्बोधित किया। इस भव्य कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. उषा बारले द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। उन्होंने कलाकरों के विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष विद्यासेन कुशवाहा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल तथा प्रदेश भर से सम्मेलन में पहुंचे विभिन्न विधाओं के कलाकार और बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पंडवानी ने पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ को दिलाई पहचान

विष्णुदेव साय ने कहा कि पंडवानी एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ को पूरी दुनिया में पहचान मिली है। हमारे पंडवानी कलाकारों ने न्यूयॉर्क, पेरिस और लंदन तक महाभारत की कथाओं पर आधारित प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ़ की परंपरा को जीवित रखा है, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा को वैश्विक मंचों तक पहुँचाया है। पंडवानी आज हमारी लोक चेतना, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन चुकी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज मुझे पंडवानी के पुरोधा स्वर्गीय झाड़ूराम देवांगन की स्मृति भी हो रही है। जब वे हाथ में तंबूरा लेकर प्रस्तुति देते थे, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे। पंडवानी गायन में महिला कलाकारों की विशेष सफलता उल्लेखनीय रही है। मुझे स्वर्गीय लक्ष्मी बंजारे जी का भी स्मरण हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि हमारी धरती पर तीजन बाई जैसी विभूति हुईं, जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण तीनों सम्मान प्राप्त हुए हैं। जब वे तंबूरा लेकर आलाप भरती हैं, तो ऐसा लगता है मानो आकाश के देवी-देवता भी उन्हें सुन रहे हों। साय ने कहा कि मैंने अनेक अवसरों पर तीजन बाई जी की पंडवानी सुनी है। श्याम बेनेगल की भारत एक खोज में उनका पंडवानी गायन दृश्य मन को आनंद और उत्सुकता से भर देता है।

बीएसपी में माइंस सेफ्टी फोर्टनाइट सेलिब्रेशन की हुई जनरल बॉडी मीटिंग



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के दल्लीराजहरा लौह अयस्क खदान द्वारा खदान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर क्षेत्र-1 एवं 2 तथा रायगढ़ द्वारा आयोजित वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत जनरल बॉडी मीटिंग भिलाई निवास के सभागार में हुई। अध्यक्षता खदान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र-1 के अध्यक्ष इरफान अंसारी, खदान सुरक्षा निदेशक एवं सह-अध्यक्ष, बिलासपुर क्षेत्र-2 अल्ताफ हुसैन, उप निदेशक खदान सुरक्षा एवं सह-अध्यक्ष, रायगढ़ क्षेत्र सनथ कुमार पी., बीएसपी के कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, अरुण कुमार; उपाध्यक्ष एवं सीजीएम , सीजीओएम, श्री ए.के. सिंह, सचिव एवं जीएम , बीरेंद्र कुमार, संयोजक, डीडीएमएस, बिलासपुर क्षेत्र-1 शिव कुमार पी. तेम्बाड; सीजीएम चिंतला श्रीकांत, सीजीएम (रावघाट) श्री अनुपम बिष्ट ने की। कार्यक्रम में खदान सुरक्षा महानिदेशालय, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र तथा दल्ली राजहरा एवं रावघाट खदानों के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिभागी खदानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

श्री अंसारी ने सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन, खदानों में नियमित निरीक्षण के माध्यम से सुरक्षित कार्यप्रणाली, निरीक्षण दल के गठन में निर्धारित मानकों का ध्यान रखने तथा निरीक्षण प्रक्रिया में सभी संबंधित सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। श्री हुसैन ने कहा कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरीक्षण, तकनीकी प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से खदानों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ एवं नवाचारी कार्यप्रणालियों को साझा किया जाना चाहिए। कमल भास्कर व अरुण कुमार ने खदानों सुरक्षा में जागरुकता का आह्नान किया। स्वागत भाषण एके सिंह व बिरेन्द्र कुमार ने खदान गतिविधियों पर प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम का संचालन रजनी रजक व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी विपिन कुमार ने किया।

बीएसपी में पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत 68 इंटर्न की ज्वॉइनिंग



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास (एचआर-एलएंडडी) विभाग द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 68 इंटर्न की जॉइनिंग की प्रक्रिया पूरी की गई।160 इंटर्नशिप के लक्ष्य के तहत 109 इंटर्न ने कार्यभार ग्रहण किया है। इंटर्न की जॉइनिंग प्रक्रिया के तहत एचआर-एलएंडडी विभाग द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन एवं आवश्यक प्रारंभिक औपचारिकताएं पूरी की गईं। जॉइनिंग करने वाले इंटर्न विभिन्न भूमिकाओं में कार्य करेंगे। इनमें प्रशासन इंटर्न, एमएलटी इंटर्न, प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, कार्यालय इंटर्न, मल्टी टास्किंग स्टाफ तथा एचआर इंटर्न शामिल हैं।

कार्यक्रम के तहत इंटर्न को एचआर-एलएंडडी विभाग में दो दिवसीय परिचयात्मक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें तीन दिवसीय संयंत्र भ्रमण कराया गया। संयंत्र भ्रमण पूरा होने के बाद इंटर्न को संयंत्र के विभिन्न विभागों में पदस्थ किया जा रहा है। परिचयात्मक प्रशिक्षण के दौरान इंटर्न को संयंत्र के संगठनात्मक वातावरण, कार्यस्थल की अपेक्षाओं, व्यावसायिक आचरण एवं औद्योगिक सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं, संयंत्र भ्रमण के माध्यम से उन्हें औद्योगिक परिचालन, उत्पादन प्रक्रियाओं तथा विभिन्न विभागों के कार्यों को करीब से समझने का अवसर मिला। इससे उन्हें अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक कार्यों से जोड़ने में सहायता मिलेगी। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य युवाओं को वास्तविक व्यावसायिक वातावरण में कार्य करने का अनुभव प्रदान करना तथा शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को

महापौर की निधि से बनेगा चबूतरा और शौचालय, वार्डों में होंगे विकास कार्य



भिलाई। रिसाली महापौर शशि सिन्हा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भूमिपूजन किया। महापौर निधि से आशीष नगर, पुरैना एनएसपीसीएल, डुण्डेरा पूर्व व रूआबांधा में प्रवेश द्वार का जीर्णोद्धार, चबूतरा व शौचालय निर्माण का कार्य होगा। उन्होंने चार वार्डों के लिए कुल 6 लाख 9 हजार की राशि स्वीकृत की है। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि विकास निरंतर प्रक्रिया है। उनकी प्राथमिकता रही है कि आवश्यकता अनुसार कार्यों को कराना। उन्होंने कहा कि महापौर के रूप में शपथ लेते ही नागरिकों से रूबरू होकर समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास किया है। यही वजह है कि नागरिकों के मांग के अनुसार ही उन्होंने राशि स्वीकृत की। महापौर निधि से वार्ड 25 आशीष नगर में 1 लाख 44 हजार की लागत से प्रवेश द्वार जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसी तरह वार्ड 39 एनएसपीएसीएल पुरैना में और वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व में चबूतरा निर्माण के लिए 1.69, 1.69 की राशि स्वीकृत की है। महापौर शशि ने इसके अलावा वार्ड 2 रूआबांधा में शौचालय निर्माण के लिए 1 लाख 27 हजार की राशि स्वीकृत की है। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य ममता यादव, जमुना ठाकुर, रोहित धनकर, रंजीता बेनुआ, पार्षद पार्वती महानंद, खिलेन्द्र चंद्राकर, विधायक

निर्माण के नाम पर खुदाई के चलते जेल तिराहा पुलगांव बायपास रोड से पद्मनाभपुर के दो वार्डों में प्रवेश बंद



दुर्ग। पद्मनाभपुर के दो वार्ड में बायपास से पहुंच मार्ग को बंद कर दिया गया है। इसके बंद होने से बढ़ी आबादी परेशान हो रही है। बुजर्ग और बच्चों के अलावा भिलाई से आने-जाने वालों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जेल तिराहा से बाफना मंगलम तक 1 किलोमीटर में कालोनी के 8 कनेक्टिंग रोड को नाली निर्माण के नाम से खुदाई के कारण प्रवेश बंद होने से बच्चों की स्कूल बस बुजुर्गों का अस्पताल व त्योहारी सीजन होने के कारण महिलाओं का बाजार आवागमन में दिक्कतों के कारण रोष है। वही दूसरी तरफ निगम के द्वारा कॉलोनी के भीतरी नालियों में पुलिया निर्माण में देरी से कॉलोनी के दोनों वार्ड के निवासियों को समस्या खड़ी हो गई है। पूर्व पार्षद राजेश शर्मा ने लोकनिर्माण व निगम के अधिकारियों से अपील की है कि विकास करें किन्तु कॉलोनी की 7000 आबादी को होने वाले विकास कार्यों की वजह से परेशानी न उठानी पड़े।

वार्ड 10, 11 एवं 13 में सड़कों का होगा नवीनीकरण, नागरिकों को होगी सुविधा

86.84 लाख से होगा शहर की सड़कों का बीटी रोड रिनिवल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में नागरिकों को बेहतर सड़क एवं आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में बीटी

- महापौर अलका बाघमार ने किया भूमिपूजन

रोड रिनिवल डामरीकरण एवं सड़क नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, वार्ड पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, शेखर चन्द्राकर, आशीष चन्द्राकर, मनीष कोठारी, रंजीता पाटिल, युवराज कुंजम, अजित वैध, उप अभियंता करण यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक की मौजूदगी में वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 13 में 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत सड़क नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास कार्यों की शुरुआत की।

प्रथम चरण में वार्ड 10 में दुर्गा चौक से बुद्ध विहार तक तथा वार्ड क्रमांक 11 में शंकर नगर बुद्ध विहार चौक से कुर्मी भवन एवं अन्य स्थानों तक बी.टी. रोड रिनिवल कार्य कराया जाएगा। इन कार्यों की कुल स्वीकृत लागत राशि 42.20 लाख है। सड़क नवीनीकरण से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ ही नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सकेगी।



कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश

वार्ड 13 में भी 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत विभिन्न बीटी रोड रिनिवल कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसके अंतर्गत मोहन नगर में कश्यप के घर से ईश्वर वर्मा के घर तक, आकाश दानी गली से लाल बिल्डिंग हैंडपंप होते हुए शीतला मंदिर तक तथा गुप्ता नर्सिंग होम से चंद्राकर के घर तक सड़क नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों की कुल लागत राशि 44.64 लाख है। इस प्रकार वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 13 में कुल 86.84 लाख की लागत से सड़क नवीनीकरण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्रों में सड़क की स्थिति बेहतर होगी तथा आम नागरिकों, वाहन चालकों और स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना और नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है।

भारत लोकतंत्र से चलता है, किसी के तख्तापलट के मंसूबों से नहीं:विजय

भिलाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लगातार विदेश यात्राओं और उनके सहयोगियों द्वारा देश में रेजीम चेंज तख्तापलट की बयानबाजी पर भाजपा नेता व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भारत एक जीवंत और मजबूत लोकतंत्र है, जहाँ सत्ता का फैसला जनता के वोट से होता है, किसी के विदेशी इशारों या अराजक मंसूबों से नहीं। विजय साहू ने कहा कि राहुल गांधी हाल ही में वियतनाम यात्रा पर गए हैं। वर्ष 2014 के बाद से वे अब तक 50 से अधिक विदेश यात्राएं कर चुके हैं, जिन पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। यात्रा पर जाना उनका व्यक्तिगत विषय हो सकता है, लेकिन चिंता का विषय यह है कि उनकी यात्राओं के बीच उनके समर्थक और सहयोगी दल के नेता खुलेआम 'रेजीम चेंज', तख्तापलट और देश में खून-खराबे की धमकियां देने लगते हैं। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत द्वारा राहुल गांधी के लौटने पर 'रेजीम चेंज' की बात कहना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि विपक्ष लोकतांत्रिक जनादेश को पचा नहीं पा रहा है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि हमारे देश में सत्ता परिवर्तन की एक संवैधानिक और पारदर्शी व्यवस्था है।





धमधा में किसानों का आंदोलन तेज: 38 किसानों ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

48 दिनों से जारी भूख हड़ताल, आईडीबीआई बैंक पर कर्ज माफी के नाम पर छल का आरोप, मुख्यमंत्री निवास की दीवार पर चिपकाया ज्ञापन, 14 दिनों की चेतावनी



कृषि ऋण संबंधी समस्याओं और कर्ज माफी की मांग को लेकर धमधा में बीते 48 दिनों से चल रही भूख हड़ताल अब राजनीतिक व बैंकिंग प्रशासनिक हलकों में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। एक तरफ किसान आईडीबीआई बैंक से जुड़े ऋण विवाद में राहत चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर आंदोलन की उपेक्षा को लेकर राजनीतिक दलों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

इसी बीच आंदोलनरत 38 किसानों द्वारा कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र देने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के किसी भी जनप्रतिनिधि के धरना स्थल पर न पहुंचने से क्षुब्ध होकर किसानों ने यह कदम उठाया।

किसानों का कहना है कि वे ऋण चुकाने को तैयार थे, लेकिन आईडीबीआई बैंक से मिले कर्ज माफी के कथित आश्वासन के कारण उन्होंने समय पर भुगतान नहीं किया। अब ब्याज जुड़ते-जुड़ते बकाया राशि मूलधन से तीन गुना तक बढ़ चुकी है। किसानों का तर्क है कि यदि समय पर स्थिति साफ कर दी जाती, तो वे एकमुश्त समझौते या अन्य माध्यम से समाधान कर लेते।

किसानों का आरोप है कि चुनिंदा 18 से 20 किसानों का शत-प्रतिशत कर्ज माफ कर दिया गया, जबकि अन्य किसानों को राहत देने के बजाय कुर्की के नोटिस थमाए जा रहे हैं। बैंक प्रबंधन न तो वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) पर बात कर रहा है और न ही समाधान की कोई पहल कर रहा है। हालांकि, इस पर बैंक प्रबंधन का आधिकारिक पक्ष आना अभी बाकी है।

अपनी मांगों के सिलसिले में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के निजी सचिव ने उनका ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद किसानों ने अपना ज्ञापन मुख्यमंत्री निवास के पास स्थित दीवार पर चिपका दिया और 14 दिनों का अल्टीमेटम देकर लौट आए। किसानों का कहना है कि यदि तय सीमा में मांगें पूरी न हुईं, तो वे पुनः मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने किसानों की समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया है। इस्तीफा देने वाले प्रमुख किसानों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा को इस्तीफा सौंपने वालों में राजकुमार साहू, ओमप्रकाश पटेल, पंचराम साहू, देव चरण साहू, राधेश्याम, मनीराम, रामसिंह, बिसंभर साहू, अरुण साहू, सुभाष साहू, नरेश साहू, हेमराज, चैनलाल सहित कुल 38 किसान शामिल हैं।

खबर संक्षेप

उतई में बिना चीरा-टांका के की गई नसबंदी



उतई। खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) निकुम डॉ. डी. के. बेलचंदन के मार्गदर्शन में उतई में पुरुष नसबंदी शिविर आयोजित किया गया। इसमें एनएसवीटी सर्जन डॉ. ए. के. सान्याल और डॉ. दैवज्ञ चंद्राकर ने 8 हितग्राहियों का ऑपरेशन किया। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गजेंद्र गंधर्व, मनीष देशलहरा, दिनेश पाटिल, मुकेश साहू, ऐश्वरी साहू, आशीष सिंह राजपूत, अनीता रामटेके, दिनेश्वरी देशमुख ने योगदान दिया। ऑपरेशन थिएटर में संदीप ठाकुर, श्याम मूर्ति और अरुण कुमार कोसरे का सहयोग रहा। दस्तावेजों का कार्य दामिनी साहू ने तथा नर्सिंग सहायता स्टाफ नर्स संगीता ठाकुर, प्राची रोहन सिंह व कविता ने संभाली।

जुआरियों पर हुई कार्रवाई

भिलाई। जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम गाडाघाट धमधा निवासी कमलेश वर्मा, हरि राम वर्मा, तेज राम पटेल, राम खिलावन यादव, तवर निषाद को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने नगद 11,100 रुपए ताश पत्ती आदि जब्त किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है।

नपा जामुल में मतदाता सूची पुनरीक्षण शिविर 30 तक

जामुल। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय निकाय निर्वाचन के लिए सभी वार्डों की मतदाता सूची में नाम की जांच करने तथा छूटे हुए नाम जुड़वाने के लिए 30 अक्टूबर तक विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

निधन

सुशीला साहू



बालोद। नगर के वार्ड क्रमांक 16 सिविल लाइन निवासी सुशीला साहू 80 वर्ष का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार रविवार को तांदुला नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व प्रधानपाठक स्वर्गीय मोहनलाल साहू की धर्मपत्नी, अरुण कुमार साहू, कमलकांत साहू के माताजी एवं अंचल प्रकाश साहू, अखिल प्रकाश साहू, आयुष साहू और आलिंद साहू के दादी थीं।

न्यायालय नायब तहसीलदार, बालोद जिला बालोद (छ.ग.)
// इश्तहार //

रा०प्र०क्र० अ/ 6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता ग्रामवासी ग्राम चिचबोड तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेन्द्र कुमार पिता जगदीश राम जाति कलार व अन्य 1 निवासी ग्राम चिचबोड तहसील व जिला बालोद द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम चिचबोड तहसील व जिला बालोद में भूमि ख.नं. 522, 525, 679 रकबा क्रमशः 0.07, 0.06, 0.81 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के दादा नरसिंह पिता हलालखोर के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को दिनांक 04.02.1997 को अपने जीवनकाल में आवेदकगण के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी नरसिंह पिता हलालखोर का दिनांक 08.09.2026 को मृत्यु हो गया है। आवेदक उक्त भूमि पर से पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर उनका नाम विलोपित कर आवेदकगण अपने नाम पर नामांतरण किए जाने बाबत निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में पेशी दिनांक 29/10/2026 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है! नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया!

मुहर

नायब तहसीलदार
बालोद



पुराना बाजार चौक से भरर चौक तक जांच की मांग, किराना, डेली नीड्स व होटलों में कार्रवाई का इंतजार

खाद्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

पाटन के बाजारों में एक्सपाइरी खाद्य सामग्री बिकने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दीपावली पर्व की गहमागहमी के बीच पाटन नगर के बाजारों में मिलावटी व एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर नागरिकों में चिंता व्याप्त है। त्योहार पर खरीदारी की भीड़ का फायदा उठाकर घटिया सामग्री खपाने की शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की सुस्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुराना बाजार चौक, भरर चौक सहित अन्य क्षेत्रों की किराना दुकानों, डेली नीड्स और नाश्ता सेंटरों की जांच की मांग जोर पकड़ रही है।

पुराना स्टॉक खपाने की आशंका



दिवाली पर बिस्कुट, नमकीन, मिठाई, मसाले, सॉस आदि पैकेट बंद सामानों की मांग काफी बढ़ जाती है। ऐसे में निर्माण व समाप्ति तिथि (एक्सपायरी डेट) की जांच आवश्यक है। आशंका जताई जा रही है कि कुछ व्यापारी म्याद पार उत्पाद बेच रहे हैं। इसके अलावा समोसा-कचौड़ी की दुकानों में उपयोग किए जा रहे तेल व मसालों की गुणवत्ता की जांच भी जरूरी है।

ग्रामीण खरीदारों पर दोहरी मार

पाटन के बाजार में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं। जल्दबाजी में लोग अक्सर पैकेट पर छपी तिथि नहीं देख पाते, जिससे उनकी सेहत और जेब दोनों पर बुरा असर पड़ रहा है।

प्रशासनिक औचक निरीक्षण की मांग

स्थानीय नागरिकों और जागरूक वर्ग ने पाटन प्रशासन तथा खाद्य विभाग से प्रमुख बाजारों में तत्काल औचक निरीक्षण करने की मांग की है। मियाद पार या अमानक खाद्य सामग्री पाए जाने पर नियमानुसार जब्ती व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।

श्रीमद्भागवत कथा सृष्टि वर्णन, वराह अवतार और शिव विवाह प्रसंग का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन, सड़क नंबर-20 में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन रविवार को प्रख्यात भागवताचार्य संत श्री निरंजन महाराज जी (लिमतरा वाले) ने सृष्टि वर्णन, भगवान विष्णु के वराह अवतार, सती चरित्र एवं भगवान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ धर्मलाभ प्राप्त किया।

सृष्टि वर्णन और वराह अवतार की महिमा

कथावाचक संत श्री निरंजन महाराज ने सृष्टि की उत्पत्ति और भगवान की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब संसार में धर्म की रक्षा और सृष्टि के कल्याण की आवश्यकता होती है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। वराह अवतार के प्रसंग में भगवान विष्णु द्वारा पृथ्वी को जल में डूबने से बचाकर उसका उद्धार करने की कथा सुनाई गई।

सती चरित्र और शिव विवाह प्रसंग

कथा में माता सती के जीवन प्रसंग तथा भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा का वर्णन किया गया। इसके साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग को सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति, समर्पण और पारिवारिक संस्कारों का महत्व बताया गया। महाराज जी ने कहा कि धार्मिक कथाएं मनुष्य को सत्य, धर्म, प्रेम और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। भगवान के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा से जीवन में सकारात्मकता आती है।

यह नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 23 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक मां परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर, रिसाली में हो रही है। कथा के मुख्य वक्ता संत श्री निरंजन महाराज जी (लिमतरा वाले) हैं। आयोजन देवांगन परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

समस्या का हिस्सा नहीं, समाधान का हिस्सा बनें : अक्षय मुनि मसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अक्षय मुनि जी मसा ने कहा कि समस्या का हिस्सा ना बने समाधान का हिस्सा बने, गौशाला, समाज का हिस्सा बने और अपनी क्षमता का उपयोग करें, मां से बड़ी दुनिया में कोई नहीं, घर की सुध ले और तपस्या करें। अक्षय मुनि जी मसा के आज 8 की तपस्या पुर्ण हुई।

■ चातुर्मास में तपस्या का क्रम जारी, अक्षय मुनि मसा के आठ उपवास पूर्ण

समता भवन प्रवचन श्रृंखला की धर्म सभा में शासन दीपक अक्षय मुनि जी मसा ने बताया कि जीवन में समस्याएं बहुत आती हैं, समस्याओं की वजह से इंसान मुरझाया रहता है। जैसे मधुमक्खी पीछे पड़ जाए तो व्यक्ति परेशान हो जाता है। समस्याओं से घिरा हुआ है इंसान समस्या बाहर देखता है लेकिन पीड़ा अंदर है। समस्या का कारण दुख है ऐसा लगता है लेकिन दुख है इसलिए परेशान है। हीन भावना नहीं आनी चाहिए, जागना ही मनुष्य जीवन का बड़ा उद्देश्य है। राम कृष्ण महावीर के जीवन में भी कष्ट आए हैं उन्होंने कष्टों को भी सहजता से सहन कर लिया। एक तरफा चलेंगे तो कुछ नहीं मिलेगा, कड़वा वचन, दुख सहन का आनंद आने लग जाए तो उसे जीने का ढंग आ गया। याद रखें यह कोई हमेशा साथ रहेगा नहीं। जैन मुनि ने आगे कहा कि कुछ इंसान जिंदगी को हरा-भरा कर देते हैं कुछ ऐसे भी लोग होते हैं जो मां-बाप की सेवा नहीं करते, परिवार समाज का भला नहीं करते, व्यक्ति चाहे तो आज समाज, संसार में गौशाला, समाज को संभाल सकते हैं, प्रत्येक व्यक्ति में क्षमता दी गई है। मां से बड़ा दुनिया में कोई नहीं है, मां ही जीती जागती वात्सल्य की प्रेरणा है, घर की सुध ले फिर तपस्या करें। समस्या के हिस्सा ना बने समाधान का हिस्सा बने। अंदर में जन्म-जन्मों का दुख है उससे ही समस्या बाहर आती है, समस्या पीछे छोड़ने वाले नहीं, दुख मिटाओ मोह मिटाओ। दान की भावना हमेशा उदार मन से देना चाहिए। चातुर्मास 2026 बालोद में तपस्या का ठाठ लगा हुआ है, 29 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ हुआ तब से निरंतर धर्म प्रेमी भाई, बहन त्याग तप में जुड़े हुए हैं।

तपस्या की कड़ी में आज परम पूज्य श्री अक्षय मुनि मसा के आज 8 उपवास, उनके अलावा संकेत ललवानी ने 11, अजय बाफना ने 8, सरला चोपड़ा, डिंपी चोपड़ा ने 6, मोक्ष डुग्गु चोपड़ा ने 5, इंदिरा बाफना ने 3, चंचल श्रीश्रीमाल ने 2 उपवास का संकल्प ग्रहण किया। संवर तप भी भाई निरंतर कर रहे हैं, अब तक 2097 भाइयों के संवर पूर्ण हो चुके हैं। समता पाठशाला के बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

रौना में विकास कार्यों की सौगात, विधायक निषाद ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

अजुंर्दा ब्लॉक के ग्राम रौना में विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक निषाद ने यात्री प्रतीक्षालय एवं सामुदायिक भवन में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम के कुर्मीपारा एवं कुम्हारपारा में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना हमारा निरंतर प्रयास है। गांवों के विकास से ही क्षेत्र की का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना साहू, सरपंच भोलाराम कुंभकार, जनपद सदस्य ओमेश्वर साहू, पन्ना देशमुख, ओमप्रकाश देशमुख, चंदूलाल कुंभकार, हेमंत कुंभकार, मोरध्वज देशमुख, हितेंद्र कुंभकार, ओमीन ठाकुर, चंद्रकली निषाद, चंद्रप्रभा देशमुख, डामीन देशमुख, पूजा निषाद, हीरालाल देशमुख, अंगद देवदास सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं नागरिक उपस्थित थे।

कोड़ेकसा स्कूल में 200 विद्यार्थियों को दी गई करियर काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ेकसा में विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक करने और भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दल्लीराजहरा से पहुंचीं चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पूजा जैन और नीलम साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों तथा सीए पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद पूजा जैन ने विद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए आवश्यक तैयारी, पाठ्यक्रम की प्रक्रिया और इस क्षेत्र में करियर बनाने की संभावनाओं की जानकारी दी।

साथ ही यह भी बताया कि कौन-कौन से विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को चुन सकते हैं और इसकी तैयारी किस प्रकार की जा सकती है।

विद्यार्थियों ने पूरे धैर्य और रुचि के साथ विशेषज्ञों की बातें सुनीं तथा करियर से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस तरह के मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करने में सहायक होते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य भीमराव भैंसारे, नेताम मैडम, ध्रुव, साहसी, वंदना साहू, नंदकिशोर पिस्दा, जांगड़े, मानिकपुरी, नीलम साहू, खिलेश्वर रावटे सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

परिजनों ने मुक्तिधाम में किया पौधरोपण, दी भावभीनी श्रद्धांजलि

उतई। निकटवर्ती ग्राम कोकड़ी में दिवंगत मुरली निषाद की स्मृति में आयोजित तीजनाहवन कार्यक्रम के दौरान परिजनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद के मार्गदर्शन में परिजनों ने गांव के मुक्तिधाम परिसर में पीपल का पौधा रोपा। इस अवसर पर विकसित भारत योजना के तहत कार्यरत ग्रामीण महिलाओं ने भी पौधरोपण में सहभागिता की। कार्यक्रम में शैलेंद्र निषाद, मोहन निषाद, भावेंद्र निषाद, जतिन निषाद, बंशी निषाद और मिथलेश निषाद उपस्थित रहे। सभी ने लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद ने कहा कि दिवंगत प्रियजनों की स्मृतियों को प्रकृति के माध्यम से सदैव जीवित रखा जा सकता है। किसी की याद में वृक्षारोपण करना न केवल सच्ची श्रद्धांजलि है।

पेज 9 का शेष

अवैध शराब ...

ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

मोंगरी से भाठापारा ...

गांव में खुशी की लहर है। उपसरपंच खिलेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि पूर्व में पक्की सड़क के अभाव में गांव के इस हिस्से में किसी भी चारपहिया वाहन या एंबुलेंस के आने में समस्या होती थी। उन्होंने कहा कि गांव में पहली बार व्यवस्थित ढंग से इतनी मजबूत सड़क का निर्माण होते देख ग्रामीण बेहद उत्साहित हैं। यह मार्ग बनने के बाद अब आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं गांव तक बिना किसी बाधा के सीधे पहुंच सकेंगी। ग्राम पंचायत मोंगरी के सरपंच गोवर्धन लाल सोनवानी, उपसरपंच खिलेश्वर प्रसाद साहू तथा वार्डवासी बिसम्भर राम साहू सहित ग्रामवासियों ने गांव की बरसों पुरानी मांग को पूरा कर 84.53 लाख रुपये की लागत से पक्की सड़क की सौगात देने के लिए हर्ष व्यक्त किया है।

स्कूटी से 145 पौवा देशी शराब ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओखरा/मुरमुंदा।

■ गिरहोला मार्ग पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, शराब व वाहन समेत 54,500 रुपये का माल जब्त

नंदिनी नगर पुलिस ने अवैध मदिरा परिवहन के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए दो युवकों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से देशी शोले मसाला मदिरा के 145 पौवा और परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की गई है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 54,500 रुपये है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार, 21 अक्टूबर को आरक्षक महेश यादव शासकीय वाहन से गश्त पर थे। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम हरदी स्थित मदिरा दुकान से भारी मात्रा में शराब लेकर स्कूटी से मुरमुंदा की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने हरदी से गिरहोला जाने वाले कच्चे रास्ते पर जेके लक्ष्मी पत्थर खदान के समीप घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। थोड़ी देर में कत्थई रंग की होंडा एक्टिवा (क्रमांक सीजी 07 डीजी 0638) पर सवार दो युवकों को रोका गया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान साहिल भारती (23 वर्ष) और नीतिश गायकवाड़ (24 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम मुरमुंदा के रूप में दी। तलाशी लेने पर उनके झोले से 180 मिलीलीटर क्षमता वाले 145 पौवा देशी शोले मसाला शराब (कुल 26.100 बल्क लीटर) बरामद हुई, जिसकी कीमत 14,500 रुपये है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इसे हरदी से खरीदकर मुरमुंदा में प्रति पौवा 140 से 150 रुपये में बेचने जा रहे थे। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया। मौके से 14,500 रुपये की शराब और 40,000 रुपये मूल्य की स्कूटी जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की जांच जारी है।



खबर संक्षेप

महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी समाज को देते हैं समरसता और सद्भाव का संदेश : चेमन देशमुख

बालोद। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने संस्कृत भाषा के आदि कवि एवं सनातन संस्कृति के अमर ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की पावन जयंती के अवसर पर समस्त बधाई दी हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन और उनकी कृतियां मानवता के लिए युगों–युगों तक प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने प्रभु श्री राम के आदर्श चरित्र, सत्य, मर्यादा, धर्म और समरसता के मानवीय मूल्यों को रामायण के रूप में लोकमानस के सामने प्रस्तुत कर समाज को एक शाश्वत दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन यह दिव्य संदेश देता है कि दृढ़ संकल्प, ज्ञान और साधना के बल पर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर परम चेतना और महत्ता को प्राप्त किया जा सकता है। उनका समरसता और समानता का चिंतन आज के समय में समाज को एकजुट रखने और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर प्रभु श्री राम के मर्यादा, न्याय और सामाजिक सद्भाव के आदर्शों को अपने आचरण में उतारने तथा एक समरस व सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लें।



लोकतंत्र बचाओ अभियान को लेकर आज कांग्रेस की पत्रकार वार्ता

बालोद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त बालोद जिले के प्रभारी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर तथा बालोद जिले के तीनों विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा एवं कुंवर सिंह निषाद साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी एवं धमतरी के पूर्व विधायक लेखराम साहू की उपस्थिति में देशभर में चल रहे लोकतंत्र बचाओ अभियान के विषय पर पत्रकार वार्ता का आयोजन 26 अक्टूबर को राजीव भवन बालोद में किया गया है।

अवैध रूप से बांग्लादेश से आकर बसी महिला को भेजा गया देश से बाहर

भिलाई। बांग्लादेश से आकर चोरी-छिपे दुर्ग में रह रही रीना अख्तर नामक महिला को पुलिस ने वापस उसके देश भेज दिया है। महिला को डिपोर्ट किया गया। विदेशी नागरिकों की पहचान एवं सत्यापन के लिए की जा रही कार्रवाई के दौरान रीना अख्तर की पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में हुई थी। पुलिस ने वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद एसटीएफ की मदद से महिला को पश्चिम बंगाल भेजा। वहां इंटेलिजेंस ब्यूरो आईबी एवं सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से समन्वित कार्रवाई करते हुए 23 अक्टूबर को रीना अख्तर को सीमा पार कराया गया। इसके अतिरिक्त संबंधित महिला द्वारा आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं अन्य भारतीय दस्तावेज प्राप्त किए जाने के संबंध में उनके सत्यापन तथा नियमानुसार निरस्तीकरण हेतु संबंधित विभागों के समक्ष आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसका उद्देश्य अवैध रूप से प्राप्त दस्तावेजों के दुरुपयोग को रोकना तथा भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति की आशंका को कम करना है।

आयोजन : व्यसनमुक्त समाज, पर्यावरण संरक्षण और गौ सेवा पर दिया जोर

डौंडीलोहारा के 80 गांवों में ग्राम तीर्थ-ग्राम प्रव्रज्या अभियान, नैतिक मूल्यों और संस्कारों का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विकासखंड डौंडीलोहारा के 80 गांवों में 24 एवं 25 अक्टूबर को जिला स्तरीय ग्राम तीर्थ-ग्राम प्रव्रज्या कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

दो दिवसीय इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के विचारों को पहुंचाने के साथ ही समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों, सद्विचारों और सकारात्मक परिवर्तन की अलख जगाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनजीवन में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर समाज को व्यसनमुक्त, संस्कारवान और जागरूक बनाना रहा। अभियान के प्रथम दिवस 24 अक्टूबर को निर्धारित 40 गांवों में शांतिकुंज एवं गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर ग्रामीणों के साथ गोष्ठियां कीं तथा ग्राम भ्रमण कर लोगों को दीपयज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान ग्रामीणों को गायत्री परिवार के युग निर्माण अभियान, विचार क्रांति और व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प से अवगत कराया गया। गांवों में आयोजित दीपयज्ञ के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ। गुरुदेव का संकल्प मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण जन-जन तक पहुंचाते हुए लोगों को जीवन में सद्विचार, सदाचार और सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का संरक्षण, सामाजिक नवजागरण, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन तथा गौ संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने विचारों में परिवर्तन को समाज में सकारात्मक बदलाव का आधार बताते हुए कुरीतियों और कुप्रवृत्तियों को दूर करने का आह्वान किया। दूसरे दिवस 25 अक्टूबर को गांवों में प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक किया गया तथा निर्धारित ग्रामों में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित कर युग निर्माण का संदेश दिया गया। यज्ञ एवं प्रार्थना के माध्यम से परिवार, समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। ग्रामीणों को जीवन में आध्यात्मिकता, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में कार्यकर्ताओं एवं गायत्री परिवार के परिजनों की जिला स्तरीय गोष्ठी आयोजित की गई।

भाठागांव (आर) में राम-कृष्ण लीला का मंचन, नई पीढ़ी के कलाकारों ने मोहा मन

गुण्डरदेही। ग्राम भाठागांव (आर) मे श्री राम कृष्ण लीला मंडली एवं स्वर संगम मानस परिवार भाठागांव आर के तत्वावधान मे नई पीढ़ी टीम द्वारा नए वेशभूषा एवं संवाद के साथ समिति की अध्यक्ष महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष उमेंद साहू, मैनेजर शोभा राम देवांगन, संचालक डॉ. प्रदीप साहू ने पौराणिक संवाद दोहा के साथ लीला का मंचन किया। श्री कृ ष्ण लीला मंडली को नए दिशा निर्देश करते हुए अध्यक्ष महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष उमेंद साहू, कोषाध्यक्ष तीरथ देवांगन, सचिव सुरेश साहू संरक्षक नारायण यादव, जोहित राम साहू, साकेत कतलाम सदस्य उत्तम साहू, गायक तेजराम साहू, उमेंद साहू वाद्य यंत्र कलाकार आर्गन मिंटू साहू, तबला नाल रोशन साहू, पेड मे साहू, बेंजो दुर्बशा गर्ग, दफली नारायण यादव, कोरस लक्ष्मण साहू, लक्ष्मण साहू, सुखनन्दन साहू, हरीश बंजारे का रहा हास्य प्रहसन जोकर मे डॉ प्रदीप साहू, शैलेश साहू, गिरधर साहू एवं विगत कई वर्षो से हसाते गुदगुदाते शोभा राम देवांगन का अभिनय नें दर्शकों का मन मोह लिया। जिसमे राम धीरज देवांगन, लक्ष्मण राजकुमार साहू, भरत रोशन देवांगन, हनुमान शिवम-देवांगन, अंगद तीरथ देवांगन, जामवंत युवराज नेताम, सुग्रीव हिमांशु साहू, रावण महेंद्र साहू, मेघनाथ सुंदर साहू, कुम्भकरण साकेत कतलाम, विभीषण उत्तम साहू, सूखेन वैद्य विराट ठाकुर, बाल हनुमान, आदित्य साहू नें अभिनय किया।

■ भाठागांव (आर) में राम-कृष्ण लीला का मंचन, नई पीढ़ी के कलाकारों ने मोहा मन

ओडिशा में छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज का स्वागत



अंडा। दुर्ग छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर का उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में समाजजनों द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। छत्तीसगढ़ धोबी समाज के पदाधिकारी समाज के राष्ट्रीय नेता एवं नवनियुक्त राज्यपाल बृजमोहन राम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए उड़ीसा पहुंचे थे। इस दौरान उड़ीसा धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सेठ एवं महासचिव दिलीप निर्मलकर के नेतृत्व में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में सूरज निर्मलकर को रजक ताज से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उड़ीसा सरकार के कैबिनेट मंत्री सूरज सूर्यवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

ये रहे उपस्थित : इस अवसर पर उड़ीसा धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सेठ, योगेश उजीर, मोतीलाल उजीर, रमेश सेठी, छत्तीसगढ़ धोबी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे वाघमार, टामनलाल कन्नौजे, महासमुंद जिला अध्यक्ष संतोष कन्नौजे, प्रदेश महामंत्री एवं दुर्ग जिला संगठन प्रभारी धनेश्वर निर्मलकर, प्रादेशिक प्रवक्ता हीरालाल निर्मलकर, शक्ति जिला अध्यक्ष अश्वनी बरेठ सहित दोनों राज्यों के अनेक सामाजिक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, जागरूकता, अधिकारों की प्राप्ति और राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के संकल्प के साथ सामाजिक हित में मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया।

■ समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण

अचौद में लोक कला महोत्सव का शुभारंभ विधायक कुंवर सिंह हुए शामिल



गुण्डरदेही। विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम अचौद में नवीन युवा मित्र समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित लोक कला महोत्सव अचौद के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। विधायक ने कहा कि लोक कला हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परंपरा और विरासत की अमूल्य पहचान है। ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलता है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद भोजराज साहू, प्रदेश प्रतिनिधि राजेश बाफना, सुचित्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत रामेश्वर प्रसाद चंद्राकर, सरपंच आकाश चंद्राकर, पूर्व सरपंच उत्तरा बसंत चंद्राकर सहित आयोजक समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

कृषि विभाग की पहल: किसानों को बांटे गए सरसों के उन्नत बीज, फसल विविधीकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने तथा रबी मौसम में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कृषि विभाग गुरूर विकासखण्ड द्वारा द्विफसली योजना के अंतर्गत ग्राम नवागांव में कृषक हितग्रा कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों को उन्नत किस्म के सरसों बीज के मिनीकिट वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य एकल फसल प्रणाली के स्थान पर किसानों को द्विफसली पद्धति अपनाने और तिलहन उत्पादन की ओर अग्रसर करना है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों को उन्नत बीज के महत्व, खेत की तैयारी तथा बोआई की वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि द्विफसली योजना के तहत गुणवक्तापूर्ण सरसों बीज की खेती करने से कम लागत और सीमित सिंचाई में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे न केवल किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी, बल्कि क्षेत्र में तिलहन फसलों का रकबा भी बढ़ेगा। ग्राम नवागांव में आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने शासन की इस योजना के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए समय पर उन्नत बीज प्राप्त होने पर हर्ष जताया। कृषि अमले ने कृषकों से संतुलित खाद प्रबंधन और आधुनिक कृषि विधियों को अपनाकर समृद्ध किसान बनने का आह्वान किया।

■ कम लागत और सीमित सिंचाई में बेहतर उत्पादन पर जोर

भाजपा मचांदूर शक्ति केंद्र की बैठक में बूथ मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा



भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के अंतर्गत मचांदूर शक्ति केंद्र की बैठक ग्राम चिरपोटी में लोकेश्वर चंद्राकर के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में 'मन की बात' कार्यक्रम और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा उतई मंडल महामंत्री प्रवीण यदु, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू तथा सेवा सहकारी समिति रिसामा के अध्यक्ष लोकेश्वर चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक फलेंद्र सिंह राजपूत, सह-संयोजक लेखराम साहू, सोमन साहू, ओमन लाल साहू, नवाब खान, संतोष साहू, अशोक देवांगन, ललित देवांगन, इमरान खान, नितेश साहू, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, रामरतन मेश्राम, राजकुमार निषाद, इन्द्रांत साहू, घाना साहू, योगेंद्र साहू, लेखराम यादव, गिरधर सिंह, द्वारिका साहू, डिगेश साहू एवं कमलनारायण सहित शक्ति केंद्र के सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ कमेटी सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति और सनातन संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों से बांधा समां

सरस्वती शिशु मंदिर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मना शरद पूर्णिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में रविवार को सांस्कृतिक छटाओं के साथ शरदपूर्णिमा उत्सव समारोह का आयोजन हुआ। अंतिम में खीर प्रसाद वितरण किया गया। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि शरद पूर्णिमा जीवन में शीतल शांत सौम्य रहने का संदेश देती है। इस संदेश को जो जीवन में उतारते है उनको अमृत पान सा आनंद आता है

उन्होंने कहा कि शरद ऋतु में हरी भरी सब्जी फल फ्रूट प्रचुर मात्र में सुगमता के साथ कम दरों पर उपलब्ध होते है जिसका सभी लोग भरपूर लाभ उठाते है। और स्वस्थ मस्त रहते है। खीर बनाने से लेकर सारी व्यवस्थाओं में पवन बंछोर, हथेस्वर सोहै, पूर्व प्राथमिक हेड प्रीति साहू, मानसी यादव, योगिता साहू, निखलेश साहू, ज्योति साहू का सराहनीय योगदान रहा। समाज सेवी पवन बंछोर ने कहा कि शरद पूर्णिमा की रात शीतलता के साथ धरती पर पूरी रोशनी फैलाए रखती है अदभुत आनन्दायक होती है। शरद ऋतु विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इस ऋतु में तन मन शांत रहता है ।भोजन भी स्वादिष्ट होकर बलिष्ठ बनाती है शरद ऋतु का विद्यार्थी भरपूर लाभ उठाएअर्धवार्षिक परीक्षा सामने है प्रतिभा निखारे।

इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी शशि यादव के मार्गदर्शन में जानवी, नृत्या, उमंग, चन्द्रप्रभा, लावण्या एवं सेजल बच्चों के पृथक पृथक समूह ने सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें देश भक्ति और सनातन संस्कृति की किरणे आच्छादित रही। संचालन धनेश्वरी नम्रता दीदी ने किया। आभार प्राथमिक हेड कविता दीदी ने किया।

संस्कारयुक्त शिक्षा से विश्वगुरु भारत के निर्माण में योगदान दे रहे सरस्वती शिशु मंदिर

सशिमं की बैठक में विद्यालयों के विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छग प्रान्त की योजनानुसार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय समिति प्रबंध कार्यकारिणी की दुर्ग विभाग स्तरीय बैठक बेरला विद्यालय में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में विद्यालयों के विकास, शैक्षणिक गुणवक्ता में वृद्धि तथा विद्यालयों के प्रभावी संचालन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अतिथि दीर्घा में संस्थान अध्यक्ष रामभरोसा सोनी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं संस्थान प्रशिक्षण निर्देशक आशुतोष चावरे, विभाग प्रमुख डॉ राघवेन्द्र नाथ मिश्रा, संस्थान वरिष्ठ हरीश लुनिया, दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चन्द्र साहू मंचासिन रहे। बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यालयों के सवांर्गीण विकास के लिए आपसी समन्वय, नियमित समीक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इस अवसर पर दुर्ग विभाग के विद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने तथा शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने पर सहमति बनी। सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छग प्रान्त अध्यक्ष रामभरोसा सोनी ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने में सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारित शिक्षा के माध्यम सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि विद्याभारती के 225000 विद्यार्थी आचार्योंने वंदेमातरम् का सामूहिक गायन कर गिनीज बुक में दर्ज कराने में महती सराहनीय भूमिका निभाने में कामयाब हुए। संस्थान के वरिष्ठ हरीश लुनिया ने विद्यालय संचालन के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिए। अध्यक्ष डामन लाल सिन्हा, व्यवस्थापक प्रवीण चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष शैलेष माहेश्वरी, प्रधानाचार्य बिसम्भर साहू, आचार्य लेखराम साहू, चन्द्रशेखर साहू, तारण दास टण्डन, बुधराम निषाद, उमेश सिन्हा, भगवती वर्मा, सुमन साहू, लुमेश्वरी, खिलेश्वरी आदि आचार्य दीदीयों का सराहनीय योगदान रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

